लोक सभा अध्यक्ष ने ACRAW ड्राई फ्रूट्स एंड नट्स काउंसिल द्वारा आयोजित 'मेवा इंडिया, 2024' को संबोधित किया।

...

नई दिल्ली 16 फरवरी, 2024: लोक सभा अध्यक्ष, श्री ओम बिरला ने आज दिल्ली के यशोभूमि कन्वेंशन सेंटर में ड्राई फ्रूट्स और नट्स की प्रदर्शनी और ट्रेड कॉन्फ्रेंस "मेवा इंडिया 2024" के उद्घाटन के अवसर पर ACRAW काउंसिल को संबोधित किया।

इस अवसर पर श्री बिरला ने ACRAW परिषद द्वारा पहली बार आयोजित किए जा रहे सम्मेलन में शामिल होने पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि 20 देशों और भारत के कई राज्यों के लगभग 3000 प्रतिभागी इस सम्मेलन में बड़े उत्साह के साथ भाग ले रहे हैं जो इस उद्योग को बढ़ावा देने के लिए यह एक शानदार पहल है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि सम्मेलन के दौरान चर्चा और विचारों के आदान-प्रदान से भारत के ड्राई फ्रूट क्षेत्र को आगे बढ़ाने में बहुत मदद मिलेगी।

श्री बिरला ने बताया कि भारत में सूखे मेवे का उद्योग आय और रोजगार बढ़ाने वाला एक प्रमुख उद्योग है। इन उत्पादों के प्रसंस्करण और पैकेजिंग में हजारों लोग शामिल हैं, जिससे देश में व्यापार और उद्योग के मानक उन्नत हो रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि सभी हितधारकों के अथक प्रयासों और तकनीकी नवाचारों के द्वारा भारत इस उद्योग में अग्रणी भूमिका निभा सकता है।

मसालों के उत्पादक के रूप में भारत के समृद्ध इतिहास पर प्रकाश डालते हुए, श्री बिरला ने वैश्विक बाजार में देश की प्रमुख स्थिति का उल्लेख किया। भारत की जलवायु और भौगोलिक विविधता का उल्लेख करते हुए, श्री बिरला ने परिषद से कहा कि वह भारत को सूखे मेवों का एक महत्वपूर्ण केंद्र बनाने के प्रयास करे जिससे देश में आर्थिक उन्नति और रोजगार के अवसर पैदा हो सकें। उन्होंने इस कार्य के लिए नवीनतम कृषि प्रौद्योगिकी का उपयोग करने के महत्व पर भी जोर दिया।

श्री बिरला ने स्थिर लोकतांत्रिक व्यवस्था को आर्थिक विकास का आधार बताते हुए भारत में तेजी से हो रहे विकास की भी चर्चा की। उन्होंने प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार की प्राथमिकताओं की बात करते हुए कहा कि भारत को आने वाले 25 वर्षों में एक विकसित, सक्षम और समृद्ध राष्ट्र बनाना है। श्री बिरला ने इस बात का जिक्र भी किया कि पिछले वर्षों की उपलब्धियों से विश्व स्तर पर एक महत्वपूर्ण आर्थिक शक्ति के रूप में भारत की स्थिति मजबूत हुई है।